developed for various compuier viruses.

फ्लोराइड टूथपेस्ट्स

3198. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह
अरोड़ा :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 18 जनवरी, 1989 को टाइम्स ऑफ इण्डिया में "इट इज क्रिमिनल टू पुश फ्लोराइड टूथपेस्ट्स" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में तथ्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए कोई विशेष जांच करवायी है ;

(ग) यदि हां, तो जांच का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि कोई जांच नहीं करवायी गयी है तो उसके क्या कारण हैं ?

वस्त्र मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री रामनिवास मिर्धा) : (क) जी, हां।

(ख) से (घ) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने टूथपेस्ट में फ्लोराइड के सभी पहलुओं की जांच करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति नियुक्त की थी। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। अंतिम निर्णय स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के साथ परामर्श करके लिया जा रहा है।

नयी परियोजनाओं के संबंध में निर्णय

3199. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह
अरोड़ा :

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि यह निर्णय किया गया है कि 1989-90 में कोई भी नयी परियोजना प्रारम्भ नहीं की जायेगी ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी निर्णय किया गया है कि इस वर्ष केवल चालू परियोजनाओं को ही पूरा किया जायेगा;

(घ) यदि हां, तो इस वर्ष निर्माणाधीन ऐसी परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है; और

(ङ) इस वर्ष कितनी परियोजनाओं के पूरा हो जाने की संभावना है ?

योजना मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री (श्री माधव सिंह सोलंकी) : (क) जी, नहीं। लेकिन सामान्यतः योजना के अंतिम वर्ष में नई परियोजनाएं प्रारम्भ करने को प्रोत्साहन नहीं दिया जाता है

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

(ग) जी, नहीं। लेकिन सामान्यतः केवल चालू परियोजनाएं जो कि पूर्ण होने के करीब हैं, वे ही वर्ष के दौरान पूरी की जाने की स्थिति में हैं।

(घ) और (ङ) प्रश्न उत्पन्न नहीं होते।